हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 2 मई 2025

11 ब्रह्माकुमारियों ने मजदूरों को दिया सम्मान



12 स्कूली गेम्स में जीती हरियाणा की बेटियां, केरल को हराया




## खबर संक्षेप

### आईटीआई जॉब फेयर में पहुंचे 96 प्रशिक्षु

**बहादुरगढ़।** राजकीय आईटीआई बहादुरगढ़ में जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इसमें जेबीएम गुरुग्राम ने भाग लिया। विभिन्न आईटीआई के पास आउट और अपीयरिंग प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लिया। जॉब फेयर में कुल 96 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया और कंपनी द्वारा चुने गए 84 में से 70 प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप के लिए चुना गया। अंत में 14 को नौकरी के लिए चुना गया और नौकरी चाहने वालों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

### लापता शख्स का नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** लाइनपार से एक निशक्त व्यक्ति लापता हो गया है। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। लाइनपार के निवासी राजू का कहना है कि उसके पिता बटोरन चौहान मानसिक रूप से बीमार हैं। गत 28 मार्च को वह घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। इसके बाद उनकी तलाश शुरू की। तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन उनका कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, लाइनपार थाना पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले का जल्द खुलासा करेंगे।

### 25 को होगा ब्राह्मण सभा का चुनाव

**बहादुरगढ़।** दयानंद नगर में भगवान परशुराम मंदिर का संचालन करने वाली ब्राह्मण सभा का चुनाव रविवार 25 मई को होगा। चुनाव अधिकारी नरेंद्र मुदगिल ने बताया कि वर्तमान कार्यकारणी की अवधि पूरी हो चुकी है। नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए 25 मई को चुनाव होगा। इसके लिए 1 मई से सभा की सदस्यता 15 मई तक खुली रहेगी। इसके उपरांत 16 से 21 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। फिर 22 व 23 मई को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।

### निलोठी में खेत से मोटर और तार चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी में एक किसान के खेत में चोरी की वारदात हो गई। किसान ने पुलिस को शिकायत दे दी है। निलोठी के निवासी सचिन का कहना है कि खेत में सिंचाई संबंधित कामकाज के लिए उन्होंने सोलर पंप लगवा रखा है। बीती रात को खेत से मोटर और करीब 20 मीटर तार चोरी हो गई। वीरवार की सुबह खेत में गए तो वारदात का पता चला। इस शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए-1 बहादुरगढ़ की टीम ने आसौदा थाना क्षेत्र से एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी सुनील कुमार ने बताया केएमपी पुल के नीचे गांव जसोर खेड़ी की तरफ से पैदल आ रहे अक्षय को शक के आधार पर काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास देशी पिस्तौल मिली। उसके खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सरपंच कार्यालय से नकदी और पुराना रिकार्ड चोरी

**झज्जर ।** बुधवार की रात सूहरा गांव में चोरों द्वारा ग्राम सरपंच कार्यालय में घुसकर नकदी व सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम सरपंच अक्षय ने बताया कि बीती तीस अप्रैल को उसके कार्यालय में चोरी हो गई। चोर जहां अलमारी में रखी करीब पांच हजार रुपये की नकदी चुरा ले गए वहीं बेड में रखा पंचायत का पुराना रिकार्ड और खेल का सामान भी चोरी हो गया। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नगर परिषद का सरकारी विभागों पर 10 करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया, थमाए नोटिस

■ रेडक्रॉस पर 2.21 करोड़, पुलिस पर 1 करोड़ और सिंचाई विभाग 99 लाख बकाया ■ विभागों के साथ ही निजी स्कूलों को भी भेजे नोटिस

■ नप के एक अधिकारी की विशेष जिम्मेदारी प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने के लिए लगाई गई

■ नप के ईओ के अनुसार प्रॉपर्टी टैक्स से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल शहर में विकास कार्यों पर किया जाएगा




बहादुरगढ़। रोहतक रोड पर स्थित नगर परिषद कार्यालय।

■ नगर परिषद वसूलने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर के सरकारी दफ्तरों पर नगर परिषद का 10 करोड़ रुपए से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। परिषद ने सरकारी विभागों से 10 करोड़ से ज्यादा लेनदारी वसूलने के लिए नोटिस दिए हैं। नप के एक अधिकारी की विशेष जिम्मेदारी प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने के लिए लगाई गई है। नप के ईओ के अनुसार प्रॉपर्टी टैक्स से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल शहर में विकास कार्यों पर किया जाएगा। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला के अनुसार इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के पास एमआईई में 65 हजार 294 वर्ग गज संस्थागत संपत्ति है। जिस पर 2 करोड़ 21 लाख 91 हजार 928 रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। पुलिस विभाग पर भी एक करोड़ 2 लाख 15 हजार 668 रुपए का बकाया है। सिंचाई विभाग को 99 लाख 60 हजार 876 रुपए प्रॉपर्टी टैक्स भरना है। भारतीय रेल विभाग पर भी नगर परिषद का 75 लाख 75 हजार 560 रुपए का बकाया है। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम पर 74 लाख 43 हजार 916 रुपए, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पर 65 लाख 3 हजार 521 रुपए, एक्साइज और टैक्सेशन विभाग पर 12 लाख 78 हजार 743 रुपए, समाज कल्याण विभाग पर 5 लाख 19 हजार 633 रुपए, पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट पर 7 लाख 22 हजार 395 रुपए, बीएसएनएल पर 4 लाख 66 हजार 843 रुपए, पीडब्ल्यूडी पर 9 लाख 19 हजार 831 रुपए, हरियाणा रोडवेज पर 8 लाख 66 हजार 957 रुपए, फायर सर्विसेज पर 3 लाख 77 हजार 101 रुपए, स्पोर्ट्स यूथ अफेयर विभाग पर 46 लाख 60 हजार 125 रुपए, ट्रांसपोर्ट विभाग पर 10 लाख 65 हजार 311 रुपए, पंचायती राज विभाग पर 16 लाख 18 हजार 671 रुपए, महिला एवं बाल कल्याण विभाग पर 6 लाख 71 हजार 507 रुपए, टूरिज्म पर 2 लाख 36 हजार 551 रुपए और हाउसिंग बोर्ड पर 14 हजार 283 रुपए बकाया है।

**इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के पास एमआईई में 65 हजार 294 वर्ग गज संस्थागत संपत्ति है। जिस पर 2 करोड़ 21 लाख 91 हजार 928 रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया**

### राजस्व विभाग पर सबसे कम 3656 का बकाया

हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड पर 4 हजार 698 रुपए और राजस्व विभाग पर सबसे कम 3 हजार 656 रुपए का बकाया है। सरकारी विभागों के साथ साथ प्राइवेट स्कूलों को भी प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए परिषद की तरफ से नोटिस जारी किए गए है। नगर परिषद ने इस बार के बजट में प्रॉपर्टी टैक्स से वसूली का आंकड़ा बढ़ाने का दावा किया था। अब नप अधिकारियों ने संजीदगी से बकाया प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

## साइबर ठगी का शिकार हो रहे लोग, पलभर में गंवा रहे मेहनत की कमाई

# ऑनलाइन जूता खरीदना पड़ा महंगा, 97 हजार की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के सीताराम गेट निवासी एक युवक को ऑनलाइन जूता खरीदना उस समय महंगा पड़ गया जब जूते में डिफेक्टर होने के कारण उसने ऑनलाइन नंबर सर्च कर कस्टरमर केयर से संपर्क किया। इसके बाद उस युवक के व्हाट्सअप पर कुछ नंबर भेजे गए जिसके बाद शातिरों ने पीड़ित का मोबाइल हैक करके उसे 97 हजार रुपये की चपत लगा दी। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसने बीती 22 अप्रैल को ऑनलाइन जूते मंगवाए थे जिसे डिलिवर भी कर दिया गया था। जूतों में डिफेक्टर होने के कारण उसने उन्हें रिटर्न कर दिया। इसके बाद जब रिफंड नहीं आया तो उसने ऑनलाइन ही कस्टमरकेयर का नंबर सर्च किया। पीड़ित के अनुसार जब उसने संबंधित नंबर पर संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि आजकल सॉफ्टवेयर में दिक्कत है। इसके बाद उन्होंने उसके व्हाट्सअप पर कुछ अन्य नंबर भेजे।

पीड़ित की माने तो जब वह किरयाना की दुकान पर कुछ सामान लेने गया तो उसके अकाउंट से सारे रुपये निकल चुके थे।



### 4 बार में निकले पैसे

इसके बाद जब उसने बैंक स्टेटमेंट निकालकर चेक किया तो पता चला कि उसके अकाउंट से 78000, 15000, 3000 व 1000 की ट्राजेक्शन के माध्यम से कुल 97 हजार रुपये निकाले गए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लिंक क्लिक करते ही क्रेडिट कार्ड से निकले एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के निवासी एक व्यक्ति के साठ ठगी की वारदात हो गई। एक शातिर द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक करके उसने डिटेल भरी तो क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपये से अधिक की निकासी हो गई। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात रवींद्र के साथ हुई है। शहर के निवासी रवींद्र का कहना है कि 25 अप्रैल को मेरे पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया और कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड पर दो हजार 999 रुपये का चार्ज कटेगा। यदि आप इस चार्ज को हटाना चाहते हैं तो आपको एक लिंक पर जाकर अपनी डिटेल भरनी होगी। फिर उन्होंने एक लिंक मेरे पास भेजा। जैसे ही लिंक पर क्लिक करके डिटेल भरी तो क्रेडिट कार्ड से एक लाख 451 रुपये कट गए। फिर मैंने उस नंबर पर कॉल की लेकिन रिस्पांस नहीं मिला। इसके बाद ऑनलाइन शिकायत की। अब केस दर्ज हो सका है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि फोन पर किसी के साथ खाते, रुपये संबंधित जानकारी शेयर न करें।




■ रवींद्र के पास 25 को अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया

### एक ही रात में चार स्थानों से ट्रैक्टरों की बैट्रियां चोरी, केस

**झज्जर ।** क्षेत्र के गांव छुछकवास में मकान के सामने खड़े ट्रैक्टर से बैट्री चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सुनील ने बताया कि वह प्याज बेचने का काम करता है। बीती तीस अप्रैल की रात उसने अपना ट्रैक्टर मकान के सामने बाहर खड़ा किया था। सुबह करीब छह बजे जब उसने देखा तो ट्रैक्टर से बैट्री चोरी हो चुकी थी।

जब उसने इस संबंध में अपने गांव में चर्चा की तो पता चला उसी रात अच्छेज गांव निवासी कुलदीप व छुछकवास निवासी समुंद्र व संदीप के मकान के सामने खड़े ट्रैक्टर से भी बैट्रियां चुरा ली गई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार तलाश शुरू कर दी है।

**धर्मशाला के पास खड़ी बाइक चोरी :** वहीं शहर के यादव धर्मशाला के पास से गिजाडौद गांव निवासी एक युवक की मोटर साइकिल चोरी होने की शिकायत भी पुलिस में दर्ज कराई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गिजाडौद निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह बीती 29 अप्रै को झज्जर आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल यादव धर्मशाला के पास खड़ी थी जो चोरी हो गई। उसमें मोटरसाइकिल के ओरिजनल दस्तावेज व इंश्योरेंस भी थे।

# नाले के निर्माण में चेयरपर्सन को मिली खामियां, ठेकेदार को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ अधिकारियों को समय समय पर निरीक्षण का निर्देश

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने लाइनपार के वार्ड नंबर-3 में बन रहे जलनिकासी नाले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नाला निर्माण में कई तरह की खामियां पाई गई। चेयरपर्सन ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी खामियों को दुरुस्त करने और भविष्य में किसी प्रकार लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। सरोज राठी ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टेंडर के तय मानकों के अनुसार सामग्री लगनी चाहिए। नागरिक भी नाले के निर्माण पर अपनी नजर रखें और अधिकारी भी समय-समय पर आकर निर्माण कार्य की जांच करते रहें। इस अवसर पर रमेश राठी भी मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** नाले निर्माण का निरीक्षण करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

# मरीजों से दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं

## ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर ने सीएमओ को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेंटर पर आमजन के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की शिकायत मिलने पर ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने स्वयं मौके पर जाकर लोगों से बात की। हॉस्पिटल में दो रेडियोलिस्ट और दो अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बाद भी मरीज परेशान हैं। मरीजों ने उन्हें बताया कि यहां अल्ट्रासाउंड के कार्ड सिर्फ 8 बजे से सवा 8 बजे तक लिए जाते हैं। मरीज तीन-चार दिन से अल्ट्रासाउंड के लिए चक्कर काट रहे हैं। गंभीर मरीजों के कार्डों को भी अनदेखा किया जा रहा है। कुछ कर्मचारी समय पर नहीं आते, जिस कारण आमजन को परेशानी होती है। जसबीर सैनी ने मौके से ही सीएमओ को फोन कर समस्या से अवगत करवाया।



इसके बाद मरीजों से दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारी को वहां से दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया। सैनी ने कहा कि नागरिक अस्पताल में मरीजों के साथ सम्मान-पूर्वक तरीके से व्यवहार होना चाहिए। इस मौके पर सुभाष शर्मा, नीरज कुमार, अजित, राकेश व मंजीत आदि मौजूद रहे।

### किसान नेता दलाल के कार्यालय में आग लगी

**बहादुरगढ़।** शहर में रोहतक-दिल्ली रोड पर स्थित किसान नेता रमेश दलाल के कार्यालय परिसर में वीरवार की सुबह आग लग गई। आग से काफी सामान जल गया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब साढ़े आठ बजे यह घटना हुई। सूचना पाकर दमकल विभाग से गाड़ी मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि तब तक काफी सामान को नुकसान पहुंच चुका था। आग से बेड, फ्रिज, इन्वर्टर सहित अन्य सामान जल गया। शार्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका है। हालांकि असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी।



**विधायक बोले मुख्यमंत्री के समक्ष समस्या को उठाकर कराएंगे समाधान**

# शहरवासियों ने मकान और मंदिर की जमीन रिलीज करवाने का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर 1, 10, 11, 12 व 13 में अधिग्रहित किए गए मकान, मंदिरों को अर्जन मुक्त कराने की मांग को लेकर लोगों ने विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपा। विधायक राजेश जून ने ज्ञापन लेने के बाद लोगों से कहा कि वे इस समस्या को सीएम नायब सिंह सैनी के संज्ञान में लाकर समाधान करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपते हुए लोगों ने बताया कि वर्ष 2002 में तत्कालीन सरकार ने सेक्टर 1, 10, 11, 12 व 13 के लिए मकानों व मंदिर को भी अधिग्रहित कर लिया था। जिसके खिलाफ उस समय आंदोलन भी हुआ था। लेकिन सरकार ने अपने चहेतों की जमीनों को सेक्शन 5A व उसके बाद सेक्शन 48 की आड़ में अर्जन से मुक्त कर दिया था। हालांकि गरीबों के मकानों व मंदिर को अर्जन से मुक्त नहीं किया गया। कृष्णा नगर, शक्ति नगर, डीआईजी कॉलोनी, बसंत विहार, कश्मीरी कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी, बैंक कॉलोनी व बालौर गांव के लाल डोरे में ऐसे अनेक मकान हैं। साधन संपन्न लोग न्यायालय में जाकर अपनी खाली जमीनों को अर्जन से मुक्त करवा चुके हैं। लेकिन गरीब लोग आज भी उस अर्जन में फंसे हुए हैं। जबकि उनके मकानों व मंदिर के क्षेत्रों में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग की कोई प्लानिंग नहीं बनती है। इसीलिए दोबारा सर्वे कराकर इन्हें अर्जन से मुक्त करवाया जाए।



**बहादुरगढ़।** विधायक को ज्ञापन सौंपति विभिन्न कॉलोनियों के निवासी।

# मांडोठी बाजार में घर से तीन लाख रुपये और सोने के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन कहीं न कहीं वारदात हो रही हैं। अब यहां मांडोठी बाजार स्थित एक मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। ताले तोड़कर चोर मकान में घुसे और तीन लाख की नकदी सहित सोने के आभूषण पर हाथ साफ कर गए। सिटी थाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। वारदात मांडोठी बाजार की कुम्हारों वाली गली में स्थित भीम सिंह के मकान में हुई है। भीम सिंह का कहना है कि झज्जर रोड पर उनकी सूबे बैंड नाम से दुकान है। जबकि पत्नी का मांडोठी बाजार में ब्यूटी पार्लर है। बुधवार की सुबह मैं और पत्नी अपनी-अपनी दुकान पर चले गए थे। तीनों बच्चे भी स्कूल गए हुए थे। पीछे से मकान में कोई नहीं था। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। दोपहर करीब एक बजे हम खाना खाने के लिए घर पर आए तो मकान के अंदर वाले दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। भीतर कमरों में सारा सामान अस्त व्यस्त था। अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। अलमारी में रखे तीन लाख रुपये की नकदी, सोने का हार, अंगूठी, कानों के बाले गायब मिले। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की गुहार लगाई है। वहीं, सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने भीम सिंह की शिकायत पर चोरी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही हैं। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की कोशिश है। बता दें कि शहर में चोरी की कई वारदातें हो चुकी है।



बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!



अमेजिंग
रजनी अरोड़ा

बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।



### लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-

- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।

## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।



## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152

1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।
-संजय, रोहतक

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, बेमेतरा

**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजाते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।
-सुमन, भोपाल

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।
-कुणाल, महासमुंद

गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर



हास्य कथा
समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता
डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर : यलो बैलूंस-19, रेड बैलूंस-20

# मजदूर दिवस पर देश के विकास में श्रमिकों के योगदान को सराहा

## ब्रह्माकुमारियों ने मजदूरों को दिया सम्मान

■ मजदूरों की अथक मेहनत पर पूरी सभ्यता का ढांचा टिका है: विनीता दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारियों को संबोधित करती बीके विनीता दीदी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवा केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पूरे सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मजदूर दिवस को आत्मचिंतन और समाज सेवा की प्रेरणा के रूप में मनाने का आह्वान किया गया।

सेवा केंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने कहा कि मजदूरों की अथक मेहनत पर पूरी सभ्यता का ढांचा टिका है। श्रमिक सृष्टि के निर्माता हैं। उनकी मेहनत का मूल्य पैसों से नहीं, सम्मान से आंका जाना चाहिए। यह दिन श्रमिकों के सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। बीके इंदू बहन ने उपस्थित माताओं और बहनों को स्वास्थ्य संरक्षण व संतुलित जीवन शैली की उपयोगी जानकारी दी। बीके रूबी दीदी ने उमंग और उत्साह बनाए रखने के लिए प्रेरणादायक एक्टिविटी करवाई। इस अवसर पर बीके लक्ष्मी दीदी, कोमल दीदी और अंजलि दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था सदैव श्रम के सम्मान और श्रमिकों की गरिमा को उजागर करती रही है। हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

## पहलगाम कश्मीर में आतंकियों द्वारा मारे गए बेकसूर पर्यटकों को 2 मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि



बहादुरगढ़। मजदूर कल्याण मंच द्वारा वीरवार को श्रमिक दिवस पर रेलवे पार्क में मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही पहलगाम कश्मीर में आतंकियों द्वारा मारे गए बेकसूर पर्यटकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।राजवीर सिंह ने श्रमिकों को रोजाना जीने लायक वेतन पर सारा साल काम देने, भवन निर्माण में लगे प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण कर उनके हित लाभ तुरंत दिलवाने और मजदूरी भुगतान पर झगड़ा करने वालों के खिलाफ तुरंत पुलिस सहायता देने की मांग की गई। रामकिशन ने कारखाना श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए महीने करने, ईएसआई तथा पीएफ सहित लेबर डिस्पेंसरी खोलने व गंभीर से गंभीर इलाज की व्यवस्था करने की मांग की। विद्या ने महिला वर्करों को हर तरह की सुविधा देने सहित ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने की मांग की। सुरेश कुमार ने 20 मई की अखिल भारतीय औद्योगिक हड़ताल को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि यह हड़ताल मजदूर अधिकारों की कटौती के खिलाफ की जा रही है। हरबंश लाल ने कहा कि धार्मिक उन्माद फैलाना भी कमेरा वर्ग के खिलाफ है। उन्होंने समाज में गरीबों का भाईचारा मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जयभगवान, सुनील कुमार, पापल, प्रेमवती, मुन्नी लाल, कन्हैया, चिंताराम वर्मा व रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## जीडी गोयनका में कार्यशाला का आयोजन

■ छात्रों ने इंटरेक्टिव सत्रों का आयोजन किया जिसमें छोटे-छोटे प्रेजेंटेशन, नाटक और प्रदर्शन शामिल थे


बहादुरगढ़। प्रबंधन सदस्यों व प्रिंसिपल के साथ स्कूल के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जीडी गोयनका स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा मज़दूर दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय ड्राइवरों तथा नैनियों के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता रहा। कई ड्राइवरों और नैनियों ने इसमें भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बुनियादी स्वच्छता के तरीकों, रोगों की रोकथाम और व्यक्तिगत सफाई के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था।

छात्रों ने इंटरेक्टिव सत्रों का आयोजन किया जिसमें छोटे-छोटे प्रेजेंटेशन, नाटक और प्रदर्शन शामिल थे। ये हाथ धोने, दंत स्वच्छता, स्वस्थ खाने की आदतें और प्राथमिक उपचार जैसे विषयों पर केंद्रित थे। प्रिंसिपल ने बताया कि कार्यशाला द्वारा छात्रों और सहायक कर्मचारियों के बीच सम्मान तथा देखभाल की भावना को मज़बूत किया। सामुदायिक कल्याण के महत्व को दर्शाया गया। निदेशिका शैलजा जून के अनुसार कार्यशाला के माध्यम से ड्राइवरों और नैनियों को समझाना गया कि उनके स्वस्थ रहने से ही छात्र तथा समाज स्वस्थ होगा। वे समाज और विद्यालय का एक महत्त्वपूर्ण भाग हैं।



## विद्यार्थियों ने श्रमिकों के सम्मान में दी विशेष प्रस्तुतियां, करवाया भोजन

बहादुरगढ़। दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस सम्मान के साथ मनाया गया। विद्यालय परिवार ने अपने मेहनतकश कर्मचारियों को सम्मानित किया।समारोह की शुरुआत प्रिंसिपल के भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने श्रमिकों को समाज की रीढ़ बताते हुए उनके परिश्रम की सराहना की।

### उपहार और प्रशंसा पत्र भेंट किए

इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत, कविता पाठ आदि गतिविधियां प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने श्रमिकों के सम्मान में विशेष प्रस्तुति देते हुए श्रम ही सम्मान है की भावना को जीवंत कर दिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी श्रमिकों को उपहार और प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने श्रमिकों को अपने हाथों से बनाए गए धन्यवाद कार्ड भी भेंट किए, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। विद्यालय की अध्यापिकाओं और अन्य स्टाफ सदस्यों ने श्रमिकों के लिए सामूहिक भोज का भी आयोजन किया।

## कर्मचारियों ने मजदूरों का शोषण बंद करने सहित अन्य मांग उठाई



बहादुरगढ़। नपा कर्मचारी संघ सहित अन्य संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने वीरवार को मजदूर दिवस मनाया। इस उपलक्ष्य में कर्मचारी पुराना कोर्ट परिसर में जुटे। यहां अपनी समस्याओं और मांगों पर मंथन किया। इसके बाद शहीद स्मारक स्थल तक प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान राजेश बलगुहेर ने की। जबकि संचालन सीटू से जिला उप प्रधान मुकेश मोरखी ने किया। सिंचाई विभाग से प्रधान प्रदीप, संगठन सचिव जयदीप, चेयरमैन जगदीश, आशा वर्कर से जिला कैशियर अनीता, अश्विना, सोनम, सोनी, किरण, भवन निर्माण कामगार विभाग से संजीव कुमार, नागरिक सद्भावना समिति से सतबीर दहिया, जनता जनार्दन मंच से धनराज, दिनेश खोखर नगर पालिका कर्मचारी संघ से अमित परनाला, मुकेश, लीलाराम, संदीप, सपना, अजय, मुनिया, जयभगवान, उषा, सुमन, सुनीता, शकुंतला, अनीता, पिंकी सहित कई कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल थे। सभी कर्मचारियों ने अपने विचार रखे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, मजदूरों का शोषण बंद करने सहित अन्य मांग उठाई। उधर, सिंचाई विभाग कर्मचारियों की हड़ताल भी जारी है। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, संघर्ष जारी रहेगा।

## मजदूर दिवसः भाविप ने एमआईई में श्रमिकों को फल वितरित कर बधाई दी

बहादुरगढ़। भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा ने वीरवार को एमआईई में श्रमिकों को फल वितरित कर उन्हें बधाई दी। प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी और शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने श्रमिकों के अधिकारों की चर्चा करते हुए उनके योगदान को सम्मान दिया। सचिव विजय पुन्हानी, महेंद्र भाटी और रमेश सुखीजा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। भाविप की विवेकानंद शाखा ने वीरवार को रेलवे रोड पर अग्रसेन धर्मशाला के सामने श्रमिकों को चाय, बिस्किट, केले आदि वितरित किए। संरक्षक पवन जैन, सतीश शर्मा, अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल आदि ने मजदूर दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर नीरज गर्ग, चंचल गर्ग, सुनील बंसल, अशोक गोयल, महेंद्र सिंह, राहुल सिंघल व मनीष मित्तल आदि उपस्थित रहे।





## विद्यार्थियों ने कर्मचारियों को श्रमिक दिवस की बधाई व उपहार भेंट किए

■ प्रधानाचार्या डॉ पूनम चौधरी ने विद्यार्थियों को श्रमिक दिवस का महत्व बताया

बहादुरगढ़। बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रमिक दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने स्कूल में कार्यरत कर्मचारियों को श्रमिक दिवस की बधाई दी और उपहार भेंट कर सम्मान भी किया। प्रधानाचार्या डॉ पूनम चौधरी ने विद्यार्थियों को श्रमिक दिवस का महत्व बताया। कामगार विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत रहकर राष्ट्र व समाज की प्रगति में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यह दिन श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों के लिए मनाया जाता है। श्रमिकों की मेहनत के बल पर ही कोई राष्ट्र तरक्की करता है। हमें श्रमिकों का सम्मान करना चाहिए।

## कॉलेज में स्वयंसेविकाओं ने श्रमिकों को बांटे बिस्किट



बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं ने श्रमिकों को बिस्किट के पैकेट वितरित किए। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि श्रमिक दिवस मेहनतकश वर्ग के समर्पण, परिश्रम और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। देश के निर्माण में श्रमिकों के योगदान को याद करना और उन्हें सम्मानित करना हमारा फर्ज है। मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और इसके प्रति उन्हें जागरूक करना भी जरूरी है।

## त्रिवेणी मेमोरियल स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस



बहादुरगढ़। त्रिवेणी मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'श्रमिक दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने श्रमिकों के कठिन परिश्रम, समर्पण और उनके योगदान को याद किया। बच्चों ने कविता, भाषण द्वारा बताया कि कामगार व्यक्ति समाज और राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाते हैं। श्रमिकों के बिना आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा तथा प्राचार्य अनिल कुमार ने बच्चों के साथ मिलकर संकल्प लिया कि सभी श्रमिकों के पूर्ण अधिकारों की रक्षा करेंगे और उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।


झज्जर। डीसी प्रदीप दहिया को सफाई कर्मचारियों की समस्या से अवगत कराने पहुंचे विक्रम सिंह। फोटो : हरिभूमि

## सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी समय में बदलाव की मांग

झज्जर। भारतीय दलित पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह ने डीसी प्रदीप दहिया से मुलाकात करते हुए सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने आगामी दिनों में होने वाले भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी समय में बदलाव किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि समस्त कर्मचारियों को गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए जरूरी है कि सफाई कार्य का समय प्रातः पांच बजे से दस बजे तक निर्धारित किया जाए।

## छात्रों ने स्लोगन, कविता, भाषण और पोस्टर मेकिंग से बताया श्रमिक दिवस का महत्व




झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विद्यार्थियों ने स्लोगन, कविता, भाषण, पोस्टर मेकिंग और नाटक द्वारा इस दिवस की महत्ता को व्यक्त किया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मजदूरों के अधिकारों व बाल मजदूरी के प्रति जागरुक किया गया । एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों को बताया कि एक मई को श्रमिक दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जाता है। इस दिवस की महत्ता तभी सार्थक होगी, जब हम मजदूरों का सम्मान करते हुए उनके अधिकारों का विशेष ध्यान रखें। प्रत्येक मजदूर को उसका पसीना सूखने से पहले उसकी मजदूरी मिल जानी चाहिए। कोई भी संस्था या समाज तभी उन्नती कर सकता है, जब उसके मजदूर खुश रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी भी समाज के लिए एक अभिशाप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ना-लिखना चाहिए, उस उम्र में वे मजदूरी करने के लिए बाध्य हो जाते हैं। हम सभी को मिलकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। इस मौके पर में एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया, एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## कविता, भाषण व पोस्टर मेकिंग के माध्यम से किया मजदूर वर्ग के संघर्ष को याद



झज्जर। संस्कारम् इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। उन्होंने कविताओं, भाषण व पोस्टर मेकिंग के माध्यम से मजदूर वर्ग के संघर्ष को दर्शाया। इस दौरान विद्यार्थी मेहनतकश मजदूर व श्रमिक वर्ग की भूमिका में भी नजर आए। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर महिपाल यादव ने बताया कि श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य के साथ ही मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए भी इस दिन को मनाया जाता है। यह श्रमिकों की कड़ी मेहनत को सम्मानित करने का दिन है और विश्व के विभिन्न देशों में मनाया जाता है। इसे विश्व में सबसे पहले अमेरिका में वर्ष 1889 में मनाया गया था। इस आंदोलन में मजदूर अमेरिका की सड़कों पर अपने अधिकारों के लिए उतर आए थे। भारत में पहला मजदूर दिवस वर्ष 1923 में चेन्नई में मनाया गया था। प्राचार्य पृथ्वीराज यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि मजदूर हमारे समुदाय के लाभ के लिए अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा को दांव पर लगाते हैं। हमें उनके मूल्य को पहचानते हुए उनके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए।



## श्रमिकों के अधिकारों के लिए प्राणों की आहुति देने वाले श्रमिकों को किया याद

झज्जर। वीरवार को सर्व कर्मचारी संघ द्वारा मजदूर दिवस मनाते हुए श्रमिकों के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वाले श्रमिकों को याद किया गया। स्थानीय गुरुग्राम रोड स्थित जलघर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान रामवीर ने की जबकि संचालन सीआईटीयू जिला सचिव किरण ने किया। कार्यक्रम में सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता अफलातून जाखड़ ने कहा कि आज सरकार जो दोहरी राजनीति चल रही है इसे हम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार ने मजदूरों के हित के लिए जो कानून बनाए गए थे उनमें बदलाव कर चार लेबर कोड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए हमें एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है और आने वाली 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे जिसमें सभी कच्चे पक्के कर्मचारी हिस्सा लेंगे। सीटू की राज्य अध्यक्ष सुरेखा ने कहा कि फरीदाबाद में आने वाली 23 मई से 26 मई तक सीआईटीयू ऑल इंडिया की कॉन्फ्रेंस होने वाली है जिसमें आगामी कार्यक्रमों को तय किया जाएगा। इस मौके पर रिटायर कर्मचारी संघ के नेता रमेश जाखड़, विष्णु दत्त जांगड़ा, राकेश खूंडिया, भूपेंद्र, अमित, मोहन, आशा वर्कर यूनियन की पूर्व प्रधान कविता, संतोष, उर्मिला, अनीता, सुशीला, नीलम, मुनेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## हायर एंड फायर की नीति वापस लेने व 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देने की मांग



झज्जर। ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर से जुड़े औद्योगिक मजदूरों तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने वीरवार को श्रमिक दिवस को आदर-सत्कार के साथ मनाया। इस दौरान यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने दुनिया भर के मजदूरों एक हो, मजदूर विरोधी चार लेबर कोड रद्द करो, ठेकेदारी व्यवस्था बंद करो, बारह घंटे काम का नियम नहीं चलेगा, हायर एंड फायर की नीति वापिस लो, 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू करो, बैंक-बीमा-रेलवे आदि पब्लिक सेक्टर की इकाइयों तथा शिक्षा व इलाज का निजीकरण बंद करो आदि नारे भी लगाए। मजदूर नेता संसार सुरहेती ने कहा कि मालिक हायर एंड फायर की नीति के लिए कभी भी मजदूरों को काम से निकाल देते हैं। उनसे 12 -12 घंटे काम लिया जाता है तथा स्थाई काम के लिए भी पक्का रोजगार नहीं दिया जाता। ठेकेदारी प्रथा लागू करके उनसे यूनियन बनाने का अधिकार भी छीन लिया गया है। किसान नेता ओमबीर सिंह तथा सतपाल संभ्रवाल ने बताया कि पूंजी के बलपर मजदूर वर्ग का शोषण जारी है। शोषण से मुक्त होने का रास्ता जोरदार संगठित आंदोलन है।इस शोषणकारी पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे और किसान आंदोलन की तरह जीतेंगे। इस मौके पर किशन छबीली, जोगिंद्र, प्रवीण, मेनपाल मिस्त्री, आनंद, संदीप सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# इनेलो की झज्जर जिलाध्यक्ष सुमन पहुंची बहादुरगढ़, किया स्वागत


बहादुरगढ़। सुमन कबलाना को बधाई देती शीला नफे सिंह राठी। फोटो : हरिभूमि

■ समुन कबलाना ने अपनी नियुक्ति के लिए इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, अध्यक्ष तनुजा कश्यप का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इनेलो की नवनियुक्त झज्जर जिलाध्यक्ष सुमन कबलाना वीरवार को बहादुरगढ़ पहुंची। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, अध्यक्ष तनुजा कश्यप व इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी का आभार प्रकट किया। शीला नफे सिंह राठी समेत अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष सुमन कबलाना का जोरदार स्वागत किया।

शीला राठी ने कहा कि इनेलो में महिलाओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। महिला उत्थान समेत प्रत्येक वर्ग के हितों में कार्य किए जाते हैं। भविष्य में भी इनेलो लगातार महिला हितैषी नीतियों व योजनाओं को लागू करेगी। इनेलो का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ पार्टी के प्रचार प्रसार करे। पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर लोगों का पार्टी से जुड़ना लगातार जारी है। सुमन कबलाना ने कहा कि जिले में महिला संगठन को अधिक प्रभावी बनाने का कार्य करेंगी। इस मौके पर शिक्षा देवी, बिमला, वीरमती, रणबीर, नवीन, रमेश आदि ने सुमन कबलाना को बधाई दी।

# समय प्रबंधन और आत्मानुशासन सफलता के लिए जरूरी: डॉ.अमित


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अमित भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में आगामी विश्वविद्यालय परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन इतिहास और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर जगबीर गुलिया और अशोक कुमार ने किया।

मुख्य वक्ता जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमित भारद्वाज ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत में हर दिन किसी न किसी स्थान पर परीक्षा आयोजित होती है। जीवन स्वयं भी एक परीक्षा है और इससे बचा नहीं जा सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा की तैयारी कॉलेज में प्रवेश लेते ही शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने समय प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री और आत्मानुशासन को परीक्षा में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान मोबाइल फोन खासकर सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखना चाहिए ताकि ध्यान केंद्रित रहे। प्रश्नपत्र हल करते समय विद्यार्थी प्रश्नों को भली-भांति समझें, उत्तर बिंदुवार और स्पष्ट लिखें तथा शुद्ध भाषा एवं स्वच्छता का ध्यान रखें। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर लिखते समय एक ही भाषा का प्रयोग करें और दो भाषाओं की खिचड़ी न बनाएं। उन्होंने परीक्षा के तनाव से बचने और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि परीक्षा के बाद के खाली समय का उपयोग नए कौशल सीखने और अच्छी पुस्तकों के अध्ययन में किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में भूगोल विभाग की प्राध्यापिका सुनीता बेनीवाल और अर्थशास्त्र विभाग के डॉक्टर मनोज कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए परीक्षा के दौरान आवश्यक सावधानियों और एकाग्रता बनाए रखने पर जोर दिया।

**सूचना**

मैं, मंगल पुत्र श्री रिसाल सिंह निवासी 725/1, विकास नगर, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरे दो पुत्र दीपक और सागर उर्फ रेंचो मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राम प्रसाद पुत्र करतार निवासी गांव मातन, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू व पुत्रवधु अन्नू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, PRAMILA, wife of Service No. 4282850W Rank HAVILDAR Name HARBIR, Residence of Vill & PO- BUPANIYA, PS - BAHADURGARH, Distt - JHAJJAR, State - HARYANA, PIN-124507 Vide Affidavit No. 575 dt. 01.05.2025 declare that I have changed my name from PRAMILA DEVI to PRAMILA (New name) and date of birth from 25 Oct 1985 to 01 Jan 1987 for all purposes.

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। क्लब के पदाधिकारियों को चेक सौंपते विधायक राजेश जून।

### विधायक कोटे से दिया बिजली बिल

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-6 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब का बिजली का बकाया बिल का भुगतान करने के लिए विधायक राजेश जून ने विधायक कोटे से 2 लाख 41 हजार ग्रांट दिलवाई है। सीनियर सिटीजन क्लब के पदाधिकारियों ने उनसे क्लब का बकाया बिल भरवाने की मांग की थी। विधायक राजेश जून ने स्वयं सीनियर सिटीजन क्लब के पदाधिकारियों को बकाया बिजली का बिल भरने के लिए 2 लाख 41 हजार रुपए का चेक सौंपा।

### मांडोठी में हुई वैचारिक गोष्ठी

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में स्थित माता सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में मास्टर जगतार संभरवाल और मास्टर नरेंद्र कटारिया ने शिरकत की। सरपंच प्रतिनिधि निलेश दलाल ने उपस्थित मजदूर वर्ग को सम्मानित भी किया। मंच संचालन युवा कवि अरविंद गौतम बेंदी ने किया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के लिए कार्ल मार्क्स, लेनिन, भगत सिंह, डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे बहुत से महान विभूतियों ने अपना सारा जीवन मजदूरों के उत्थान के लिए खपा दिया। गोष्ठी में नवीन सहरावत, कपिल सहरावत, रवि सहरावत, मोहित सिंगल, मनीष सिंगल, चांद सिंह, ईश्वर सहरावत, नरेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### संत निरकारी सत्संग भवन में सत्संग रविवार को

**झज्जर।** शहर के सांपला रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन सर्व साध संगत सत्संग का आयोजन किया जाएगा। जिला संयोजक रोशनलाल निरंकारी ने बताया कि कार्यक्रम में रेवाड़ी से महात्मा डॉक्टर कमल सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का आशीर्वाद प्रदान करेंगे। प्रातः करीब नौ बजे होने वाले इस सत्संग उपरांत लंगर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

### युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी थाना इलाके में एक युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक के परिवार का आरोप है कि पुरानी रंजिश के कारण हत्या की गई है। मृतक युवक की पहचान सूरज (21) के रूप में हुई। हत्या के बाद देर रात परिजनों ने थाने पर जमकर हंगामा किया। आरोपी फिलहाल पकड़ से बाहर है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्कूली गेम्स में जीती हरियाणा की बेटियां फुटबॉल में केरल को 5-0 से हराया




बहादुरगढ़। स्कूल नेशनल गेम्स जीतने वाली हरियाणा की विजेता फुटबाल टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- नेशनल स्कूल गेम्स में बेटियों का फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन

दुल्हेड़ा गांव की बेटी हैरिका सिंह देसवाल के शानदार खेल की बदौलत हरियाणा ने फुटबाल में बड़ी जीत हासिल की है। अंडर-14 नेशनल स्कूल गेम्स के फाइनल में हरियाणा की बेटियों ने केरल को 5-0 के बड़े अंतर से हराकर खिताब जीत लिया।

हरियाणा की अंडर-14 लड़कियों की टीम ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कोच मनोज सिवाच ने बताया कि प्रतियोगिता की शुरूआत से फाइनल तक बेहतर प्रदर्शन करते हुए लड़कियों ने 38 गोल किए। क्वार्टर फाइनल मैच में हरियाणा की टीम ने सीबीएससी ऑल इण्डिया की टीम को 12-0 से हराया। सेमीफाइनल में झारखंड को 2-1 और फाइनल में केरल को 5-0 से परास्त किया। टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर निधि हिसार, रेविका, काफी, प्रिया, खुशबू, देविका अंबाला, श्रुति देशवाल और हैरिका सिंह देशवाल ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बता दें कि दुल्हेड़ा निवासी हैरिका फिलहाल अपने परिवार के साथ गुरुग्राम में रह रही है। टीम में डिफेंस और फारवर्ड खिलाडी की बेहतर भूमिका निभा रही है। इस जीत पर दुल्हेड़ा गांव में भी जमकर खुशियां मनाई गई।

## खरहर के मनीष ने कर्नाटक में जीता सिल्वर मेडल

- नेशनल डॉजबॉल में टीम को फाइनल तक पहुंचाया, खेलप्रेमियों ने मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी मनीष।

कर्नाटक में आयोजित सीनियर नेशनल डॉजबॉल चैंपियनशिप में गांव खरहर के मनीष राठी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मनीष ने अपनी जीत को उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। उसे मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मनीष की जीत पर परिजनों और ग्रामीणों ने खुशी जताई है। दरअसल, दी इंडियन डॉजबॉल फेडरेशन से संबद्ध दी कर्नाटका स्टेट डॉजबॉल एसोसिएशन की ओर से कर्नाटक के विद्यानगर स्थित बाल विकास स्कूल में तीसरी नेशनल डॉजबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। देशभर से खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। हरियाणा की टीम में झज्जर जिले के गांव खरहर का निवासी मनीष भी शामिल रहा। मनीष ने बेहतर प्रदर्शन के बलबूते अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। फाइनल में टीम गोल्ड से चूंक गई और उपविजेता की ट्रॉफी अपने नाम की।

टीम में शामिल मनीष को ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया गया। मनीष उर्फ मोनू गुरुग्राम में प्रेक्टिस करता है। राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी मेडल जीत चुका है। मनीष ने अपनी जीत का श्रेय कोच व अभिभावकों को दिया है। परदादा काटूराम, दादा रमेश, रंधावा, पिता प्रदीप, ताऊ पवन, सूरजमल, प्रदीप, राजेंद्र, रणबीर, चाचा पूर्व कमेटी प्रधान धर्मेंद्र राठी सहित परिवार के तमाम सदस्यों और ग्रामीणों ने मनीष की सफलता पर खुशी जताई है। उसे उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया है।



झज्जर। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

## उपायुक्त ने दादरी तोए में ग्रामीणों से किया संवाद

### रात्रि ठहराव में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- सरकारी विभागों ने लगाए स्टॉल, ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

जिला प्रशासन द्वारा गांव दादरी तोए में बुधवार को रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया व जिला प्रशासन से सीधे संवाद करते हुए ग्राम विकास को लेकर अपनी समस्याओं व मांगों को रखा। डीसी प्रदीप दहिया ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता की और ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री नायब सिंह के विजन का हिस्सा है, जिसके तहत अधिकारी स्वयं गांवों में जाकर जमीनी स्तर की समस्याओं को समझते हैं और उनका त्वरित समाधान करते हैं। वहीं डीसीपी लोगेश कुमार पी ने ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन की आवश्यकता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इस दौरान ग्राम सरपंच सुनील कुमार ने ग्राम पंचायत की तरफ से मांग पत्र डीसी के समक्ष रखा। जिस पर डीसी ने मांगों को सुनने के उपरांत संबंधित विभागों को तुरंत एक्शन लेते हुए मांगों को पूरा करने के निर्देश दिए।

#### 150 से अधिक ग्रामीणों करवाया हेल्थ चैकअप

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए स्टॉल्स लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसमें सामान्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह की जांच सहित प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गईं।



बहादुरगढ़। संजय सैनी को स्वीकृत सूची देते विकास वाल्मीकि। फोटो: हरिभूमि

### नई कार्यकारिणी को मिली स्वीकृति

**बहादुरगढ़।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी द्वारा गठित नई कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली व जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि की स्वीकृति मिल गई है। जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि के अनुसार जल्द ही जिले की कार्यकारिणी भी प्रदेश अध्यक्ष से अनुमति लेकर गठित की जाएगी। उनके अनुसार भाजपा अपने कार्यकर्ता को बहुत महत्व देती है। एक-एक कार्यकर्ता बड़ी मेहनत से देशहित में काम करता है। नई कार्यकारिणी में रणजीत सिंह दहिया, संजीत राठी, राजकुमार खुराना, धर्मेंद्र सैनी, यशपाल आशु, रमेश आर्य, संदीप, शारदा देवी, सविता पंवार, रमेश कुमार, प्रमिला जून, दीपक, पंकज खट्टर, सूरज जाटव, विजय आशीवाल व विशाल को शामिल किया गया है।



झज्जर। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### स्वयंसेवकों को कराया वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के बारे में अवगत

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी और विकास सुहाग ने स्वयंसेवकों को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। यह कार्यक्रम भारत-तिब्बत सीमा पुलिस एवं गृह मंत्रालय द्वारा लेह-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सीमावर्ती 100 गांव में आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश भर से पांच सौ स्वयंसेवक 15 मई से 30 मई तक वहां रहेंगे और गतिविधियां आयोजित करेंगे। शिविर में सभी स्वयंसेवकों ने निबंध लिखे। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने शिक्षित होने और ज्ञानवान होने का फर्क समझाया। प्राध्यापक विकास सुहाग ने विकसित वाइब्रेंट विलेज के सभी 100 गांवों के नाम, उनकी समुद्र तल से ऊंचाई तथा मौसम के बारे में अवगत कराया।



झज्जर। काउंसलिंग सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता।

### स्कूल में विद्यार्थियों को दी मल्टीमीडिया का इस्तेमाल कम करने की प्रेरणा

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को काउंसलिंग सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति शास्त्र प्राध्यापिका मंजू, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व प्राचार्या निधि कादियान ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्य बढ़ाने व मल्टीमीडिया का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक केएम डागर ने मुख्य वक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि आगामी समय में विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक कक्षाएं अत्याधिक आवश्यक हो जाएंगी। सभा के दौरान स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया व नीलम दहिया ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति किया जागरूक

**बेरी।** फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा ब्लॉक व ग्राम स्तर पर टीमें बनाई गई हैं। वीरवार को वीएलसी(विलेज लेवल कमेटी) द्वारा गांव दूबलधन, पलड़ा, शेरिया सहित विभिन्न गांवों में बैठक करते हुए किसानों व आमजन को फसल अवशेष न जलाने के प्रति जागरूक किया। यह टीमें ग्रामीणों को फसल अवशेषों के जलने से होने वाले भारी नुकसानों से भी अवगत करा रही है। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि उपमंडल में विशेष निगरानी टीमें गठित की गई हैं जो खेतों पर नजर बनाए हुए हैं।

## हरदयाल स्कूल से शुरू हुआ सड़क सुरक्षा रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। सड़क सुरक्षा रथ को रवाना करती स्कूल प्रिंसिपल व अन्य।

हरदयाल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के विषय में अवगत करवाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रेफिक रिसर्च' की ओर से एक सड़क सुरक्षा रथ की शुरुआत की गई। ताकि लोगों को सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरूक किया जा सके। इंस्पेक्टर सतीश कुमार और अनुदेशक प्रदीप शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को सभी ट्रैफिक नियमों के विषय में बताया गया। विद्यार्थियों को सभी ट्रैफिक चिह्न के विषय में अवगत करवाया गया। ट्रैफिक सुरक्षा विभाग के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी सहायता हेल्पलाइन नंबरों के विषय में छात्रों को समझाया।

## पुलिस आयुक्त थानों का क्राइम रिकॉर्ड जांचा, चौकी प्रभारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह।

वीरवार को जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने जिले के सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस उपायुक्त,थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में जिला पुलिस आयुक्त ने सड़क दुर्घटना के मामलों को कम करने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आमजन को साइबर क्राइम और यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने और अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों को पकड़ने के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला की वर्तमान कानून व्यवस्था की जानकारी सहित अपराधों की रोकथाम तथा लंबित संगीन किस्म के अपराधों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन की स्लाइड के माध्यम से प्रत्येक थाने के क्राइम रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अज्ञात व अनसुलझे लंबित मामलों को जल्द से जल्द सुलझाने व दोषियों को गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई मामला बिना कार्रवाई के लंबित पाया गया तो संबंधित जिम्मेवार अनुसंधानकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन के साथ एक अच्छा समन्वय स्थापित करके अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों और नशे का कारोबार करने वाले की सूचना एकत्रित करें और अपराधियों और नशे की खरीद फिरोख्त करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके अलावा उन्होंने युवाओं को अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाने व अभिभावकों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने की अपील भी की।



बहादुरगढ़। देवेंद्र जून के निधन पर शोक व्यक्त करते भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

### पूर्व सीएम ने किया शोक व्यक्त

**बहादुरगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस नेता प्रोफेसर कृष्ण जून के भाई देवेंद्र जून के निधन पर शोक व्यक्त किया। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने वीरवार को गांव लोवा खुर्द पहुंचकर देवेंद्र जून की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रोफेसर कृष्ण जून व शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। हुड्डा ने कहा कि परिवार के सदस्य स्व. देवेंद्र जून की समाज हित की सोच को आगे बढ़ाएं। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदीप नरवाल, अरुण खत्री व बिट्टू जून ने भी शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।

### लिंग जांच की जानकारी देने पर मिलेगा एक लाख का इनाम

**झज्जर।** वीरवार को सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए लिंगानुपात बढ़ाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिस भी अधिकारी के एरिया में लिंगानुपात कम पाया गया उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। सभी को हिदायत दी गई जिस भी गर्भवती महिला को पहले लड़की है उनकी काउंसलिंग एवं ट्रैकिंग की जाए, आशा वर्कर को उनकी सहेली के तौर पर कार्य करना होगा और हर सप्ताह चिकित्सा अधिकारी से रिपोर्ट सांझा करनी होगी। उन्होंने कहा कि जिले में जिस गांव का लिंगानुपात कम है उस हर गांव में सरपंच की मौजूदगी में ग्रामवासियों के साथ मीटिंग की जाए और इस मुद्दे पर हर जगह चर्चा की जानी चाहिए।

## एडीसी ने की मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान और स्वनिधि योजना की समीक्षा






झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी सलोनी शर्मा तथा बेरी में समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियावंयन को लेकर एडीसी सलोनी शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एडीसी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही यह ऋण योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आर्थिक मुख्यधारा में लाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऋण योजनाएं केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर हैं। उन्होंने बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र व्यक्तियों के ऋण आवेदनों में अनावश्यक देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।

### एसडीएम ने किया अंत्योदय सरल केंद्र का निरीक्षण



बेरी। ब्लॉक स्तरीय सचिवालय का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

**बेरी।** वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने अंत्योदय सरल केंद्र, तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सचिवालय परिसर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने कार्यालयों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और कार्यालय में आने वाले नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी और कर्मचारी जन सेवा की भावना के साथ कार्य करें। सभी अधिकारी और कर्मचारी सरकार की नीतियों की अनुपालना करते हुए लोक हितैषी सेवाओं व योजनाओं का लाभ पात्रों को तय समय सीमा में उपलब्ध करवाएं।

### एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**बेरी।** वीरवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक कल्याण योजनाएं, पेंशन, राशन कार्ड, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन का पंजीकरण आदि से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। अधिकतर मामलों में विभागीय टीमों ने मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी।



झज्जर। श्री आनंद दास आश्रम में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करते श्रद्धालु।

### श्री आनंद दास आश्रम में हुआ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

**झज्जर।** शहर के कोसली रोड स्थित श्री आनंद दास आश्रम में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालु अमित कुमार ने बताया कि अजय दास महाराज के सानिध्य में रजनीश हरित ने अपने सहयोगियों के साथ गणेश वंदना व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। इस दौरान आयोजित भजन कीर्तन में रजनीश हरित ने वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसियो रे..., चिंटू सक्सेना ने जो खेल गए प्राणों पे श्री राम के लिए, एक बार तो हाथ उठालो मेरे हनुमान के लिए...., उमा शंकर वर्मा ने जय हो जय हो तुम्हारी जी बजरंग बली, लेके शिव रूप आना गजब हो गया, त्रेतायुग में थे तुम आये द्वापर में भी, तेरा कलयुग में आना गजब गो गया.., हिमांशु सोलंकी ने रामभगत हनुमान, बालाजी मेरे घर आना.., मेरा बिल्कुल बगल में मकान, बालाजी मेरे घर आना आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर अमित पंछी, राजेंद्र, कालू, दयानंद, महावीर सैनी, सतबीर, विक्की, योगेश, समुंद्र, अंकित, अनिल, रोशनी देवी, मीनाक्षी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।